# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 23.01.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

- पराक्रम दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– औपनिवेश्कि पहचान से अंडमान निकोबार को मुक्त करना हमारा ऐतिहासिक कदम रहा।
- भारत अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन सम्मेलन के समापन सत्र में मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा स्पष्ट समावेशी मतदाता सूची ही लोकतंत्र की नीव है।
- डिगलीपुर में समग्र शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों के समावेशन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- गणतंत्र दिवस समारोह में मरीना पार्क तट से नौ सेना और तटरक्षक जहाजों का भव्य प्रकाशमय दृश्य दिखेगा।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार द्वीप समूह में पराक्रम दिवस के मुख्य आयोजन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजधानी श्री विजयपुरम् के नेताजी स्टेडियम में अपने वीडियो संदेश में द्वीपवासियों को नेताजी की जयंती पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बीते वर्षों में पराक्रम दिवस देश की आत्मा का एक अभिन्न पर्व बन गया है। ये सुखद संयोग है कि तेइस जनवरी को पराक्रम दिवस, 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस, 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस और 29 जनवरी को बीटिंग रिट्रीट तक गणतंत्र का महापर्व मनाए जाने की एक नई परंपरा बन गई है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में अंडमान निकोबार की अहम् भूमिका इस आयोजन को बेहद खास बनाती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने द्वीप समूह में औपनिवेशिक काल के क्रूर अत्याचारों पर कहा कि आजादी के कई वर्षों बाद भी औपनिवेशिक काल की पहचान को बरकारा रखा गया। इस राजनीतिक स्वार्थ के चलते देश की गरिमा की उपेक्षा की गई। अंडमान निकोबार को गुलामी की पहचान से जुड़ा रहने दिया गया। आजादी के 70 वर्षों बाद भी अंडमान निकोबार के द्वीप अंग्रेजों के नाम से जाने जाते थे लेकिन हमने इस अन्याय को खत्म किया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज बसंत पंचमी के पावन अवसर पर देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस पर्व को प्रकृति की सुंदरता और दिव्यता को समर्पित बताते हुए इसकी पवित्रता

को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री ने ज्ञान और कला की देवी माँ सरस्वती से सभी नागरिकों पर कृपा बनाए रखने की कामना की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि माँ सरस्वती के आशीर्वाद से सभी का जीवन विद्या, विवेक और बुद्धि के प्रकाश से सदैव आलोकित रहेगा।

द्वीप समूह में भी आज बसंत पंचमी का पर्व सभी विद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान मां सरस्वती की पूजा अर्चना श्रद्धा भाव एवं भक्तिभाव के साथ की गई।

<><><><><><>

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि कानून के अनुसार सभी पात्र मतदाताओं के नाम वाली स्पष्ट मतदाता सूची किसी भी लोकतंत्र की नींव होती है। आज नई दिल्ली में भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र और चुनाव प्रबंधन सम्मेलन–आई.आई.सी.डी.ईम. के समापन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। उन्होंने बताया कि आई.आई.सी.डी.ईम. में तीन दिन की चर्चा में प्रमुख विचारों को पांच मुख्य बिंदुओं में प्रस्तुत किया गया है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि चुनाव प्रबंधन निकायों को सभी मतदाताओं को फोटो पहचान पत्र उपलब्ध कराने का प्रयास करना चाहिए ताकि चुनाव प्रक्रिया सुगम और पारदर्शी तरीके से संपन्न हो सके।

<><><><><><>

कोयला मंत्रालय देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से कोयला खनन परियोजनाओं और उनसे जुड़ी आधारभूत संरचना से संबंधित विभिन्न पहलों को क्रियान्वित कर रहा है। इन पहलों का उद्देश्य बिजली उत्पादन, रेलवे सहित प्रमुख उपभोक्ता क्षेत्रों के लिए कोयले की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करना है। वर्तमान में प्रगति आधारित इकोसिस्टम के तहत कुल 134 परियोजनाओं की निगरानी की जा रही है, जिनमें 122 परियोजनाएं कोयला क्षेत्र से संबंधित हैं।

<><><><><><>

डिगलीपुर के ब्लॉक प्रोजेक्ट कार्यालय द्वारा समग्र शिक्षा के समावेशी शिक्षा घटक के अंतर्गत जी पी एस, वी एस पाली, डिगलीपुर में दिव्यांग बच्चों के समावेशन पर एक उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अभिभावक, शिक्षक, विद्यार्थी, एस एम सी/एस एम डी सी सदस्य एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं सहित कुल छब्बीस प्रतिभागियों ने भाग लिया। विभिन्न संसाधन व्यक्तियों द्वारा कुल सात संवादात्मक सत्र आयोजित किए गए, जिनमें दिव्यांग बच्चों की पहचान, सहयोग रणनीतियाँ एवं सामुदायिक सहभागिता से संबंधित विषयों पर जानकारी दी गई।

<><><><><><><>

गणतंत्र दिवस के सतहत्तरवें समारोह के उपलक्ष्य में अंडमान–निकोबार कमांड द्वारा जहाजों को प्रकाशित किया जाएगा। यह आयोजन राष्ट्रीय पर्व के साथ–साथ श्री विजयपुरम के तटवर्ती क्षेत्रों की सुंदरता को और अधिक आकर्षक बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इस अवसर पर फ्लैग प्वाइंट के समीप लंगर डाले भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक बल के ए एन सी के जहाजों के साथ–साथ डी एस एस के जहाजों को भी प्रकाशित किया जाएगा। जहाजों का यह भव्य प्रकाश छब्बीस जनवरी एवं उनतीस जनवरी को आयोजित होगा। दोनों दिनों में शाम पांच बजकर पैंतालीस मिनट से रात दस बजे तक जहाज प्रकाशमान रहेंगे। इस दौरान नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप के सामने स्थित मरीना पार्क के तट से यह मनोहारी दृश्य देखा जा सकेगा, जिससे क्षेत्र में उत्सवपूर्ण वातावरण और अधिक सजीव हो उठेगा।

<><><><><><><>

गणतंत्र दिवस के पूर्व संध्या पर पच्चीस जनवरी को शाम छ बजे हिन्दी साहित्य कला परिषद के हिन्दी भवन में कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर शिक्षा निदेशालय के उप–शिक्षा निदेशक एवं उप–शिक्षा अधिकारी ज्ञानशील दुबे मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम में द्वीपों के जाने माने कवि और कवयित्री अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे।

<><><><><><><>

पशु कल्याण पखवाड़ा–2026 के अंतर्गत पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवाएं विभाग द्वारा अट्ठारह जनवरी को मंगलुटान में घर–घर पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान विभाग की पशु चिकित्सा टीमों ने क्षेत्र के विभिन्न घरों का दौरा कर मवेशियों, बकरियों, सूअरों, कुक्कुट, कुत्तों, बिल्लियों सहित अन्य पशुओं की स्वास्थ्य जांच की। शिविर के दौरान पशुओं को सामान्य रोगों का उपचार, कृमिनाशन, घावों की ड्रेसिंग, पोषण एवं स्वच्छता संबंधी परामर्श तथा आवश्यकतानुसार टीकाकरण जैसी मूलभूत स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। पशु कल्याण पखवाड़ा 2026 के तहत आगे भी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

<><><><><><><>